तेजी से विकसित हो रहा फार्मेसी क्षेत्र : प्रो. जगमोहन

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल विज्ञान विभाग द्वारा 'भविष्य का निर्माणः उद्यमिता यात्रा और विदेशी अवसर' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। वीआरबी एनालिटिक्स, मुंबई के निदेशक जगमोहन वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सेमिनार में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील शर्मा, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. अश्विनी कुमार, डॉ. रेखा राव, डॉ. विक्रमजीत, डॉ. मनोज मेडल और अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता जगमोहन वर्मा ने शुक्रवार को कहा कि फार्मेसी क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है।

हरि भूमि